गली गली ऐलान होना चाहिए | by Sunny Hari

श्याम ओ श्याम
श्याम मेरे श्याम ....

गली गली ऐलान होना चाहिए
हर मंदिर में श्याम होना चाहिए

दुनिया में हारे का सहारा केवल बाबा श्याम है
हारे हुए को जीत दिलाना बाबा की पहचान है
दुनिया को ये ज्ञान होना चाहिए
हर मंदिर में श्याम होना चाहिए

अगर श्याम से मिले ना होते रह जाते मझदार में
भूले भटके भी नहीं आती ख़ुशी मेरे परिवार में
दिल इस्पे क़ुर्बान होना चाहिए
हर मंदिर में श्याम होना चाहिए

बनवारी गर मिलो किसी से उसको जय श्री श्याम कहो
हाथ जोड़ कर बार बार तुम जय हो खाटू धाम कहो
इतना तो गुणगान होना चाहिए
हर मंदिर में श्याम होना चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%90%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%8f-by-sunny-hari/